भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2433

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

भारत में रेसिंग के लिए एफ 1 सर्किट की स्थापना की योजना

2433. श्रीमती जून मालिया:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार का देश में फेडरेशन इंटरनेशनेल डे ल ऑटोमोबाइल (एफआईए) के अनुसार ग्रेड वन स्तर का फॉर्मूला वन (एफ1) सर्किट बनाने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार का निकट भविष्य में एफ 1 रेस की मेजबानी के लिए एफआईए के साथ बातचीत करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने देश में एफ1 की बढ़ती लोकप्रियता के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या कुश मैनी जैसे एफ1 ड्राइवरों ने कहा है कि "असली कार्टिंग तब शुरू हुई जब मैं यूरोप गया", जो भारत में कार्टिंग की निम्न अवसंरचना को दर्शाता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): **'**खेल**'**, राज्य का एक विषय होने के कारण**,** मोटर स्पोर्ट्स सहित विभिन्न खेलों के लिए खेल अवसंरचना के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है**,** जबकि केंद्र सरकार उनके प्रयासों में पूरक की भूमिका निभाती है। इसके अतिरिक्त**,** एफआईए ग्रेड **1** कार्टिंग ट्रैक**,** मद्रास अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग एरिना (एमआईकेए) चेन्नई**,** तमिलनाडु में मौजूद है। मंत्रालय देश में किसी भी खेल विधा को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए खेल संघ/परिसंघ को राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता प्रदान करता है**,** जिसे अन्य बातों के

साथ-साथ, राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने, भारत में अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाएं संचालित करने के लिए अधिदेशित किया जाता है तथा उसकी राज्य स्तरीय संबद्ध इकाइयां राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए उत्तरदायी होती हैं, ताकि प्रतिस्पर्धी खेलों को बढ़ावा दिया जा सके। वर्तमान में, सरकार ने मोटर स्पोर्ट्स के खेल के लिए किसी भी परिसंघ को राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता प्रदान नहीं की है।

*****